दैनिक जागरण inext

Bareilly, Monday

BAREILLY EDITION

PAGE NO : 04 BOTTOM

# SRMS के दीक्षांत समारोह 305 स्टूडेंट्स हुए सम्मानित



दीक्षांत समरोह में मेधावियों को बांटी गई डिग्रियां और मेडल.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (8 Feb):** एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में ट्रस्ट के प्रेरणास्रोत श्रीराम मूर्ति के 116वीं जन्म तिथि पर 25वां दीक्षा समारोह आयोजित हुआ. इसमें बीटेक, बीफार्मा, एम फार्म, एमटेक, एमबीए, एमसीए (कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी बरेली, कालेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलाजी एंड रिसर्च बरेली), एमबीए (आइबीएस, उन्नाव), बीए एलएलबी (ला कालेज, बरेली) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-2025 में उत्तीर्ण 305 छात्र छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र और पदक वितरित किए गए.श्रीराम मूर्ति शतिक सभागार में अध्यक्षता कर रहे एकेटीयू के कुलपति प्रो. जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि सकारात्मक व्यवहार के साथ प्रतिबद्ध होकर कोई व्यक्ति यदि अपनी सारी ऊर्जा को किसी लक्ष्य के लिए समर्पित कर दे तो वह किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है. मुख्य अतिथि एनटीए चेयरमैन डा. प्रदीप कमार जोशी ने एआइ टेक्नोलाजी और उसके महत्व और चुनौतियों के बारे में जानकारी दी. विशिष्ट अतिथि स्पेस एप्लीकेशन सेंटर इसरो की साइंटिस्ट जी पूजा श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया. वह एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज के वर्ष 1996 में बीटेक पहले बैच की छात्रा रहीं. इससे पूर्व ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, गुरु नारायण मेहरोत्रा, सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता आदि ने स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम मूर्ति की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. विवि कुलगीत के साथ दीक्षा समारोह आरंभ हुआ. देव मूर्ति ने श्रीराम मूर्ति को उनके 116वें जन्मदिन पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। कहा, ट्रस्ट की ओर से विमखिले चेहको फैक्ट्री खरीदे जाने की भी जानकारी दी, आठ फैकल्टी के साथ स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की तैयारी है. 150 बेड का अत्याधुनिक हास्पिटल और मेडिकल ट्रामा सेंटर, इंडस्ट्रियल पार्क, आईटी पार्क और को-वर्किंग स्पेस भी विकसित किया जाएगा.